तेरी भेटें गाता रहूं तेरे जगरातो में

आ जाए मेरा नाम,
तेरे कलाकारों में,
तेरी भेटें गाता रहूं,
तेरे जगरातो में।bd।

[तर्ज – जी लेंगे सरकार।]

ना सुरों का ना ही लय का,
मुझको मैया ज्ञान है,
लाज रखना शेरोवाली,
अब तो तेरा काम है,
खो जाऊं मैं आज,
तेरे जयकारो में,
तेरी भेंटे गाता रहूँ,
तेरे जगरातो में।bd।

नरेंद्र चंचल जी को तूने,
जैसे अपना प्यार दिया,
भेंटे तेरी गा के उसने,
नाम अपना अमर किया,
ऐसे ही गाऊं,
तेरे नवरात्रों में,
तेरी भेंटे गाता रहूँ,
तेरे जगरातो में।bd।

तेरी भेंटे सुन के मैया,
कोई भी रह ना पायेगा,
इतनी कृपा कर दो अंबे,
‘राजू’ सबको नचाएगा,
झूम उठे आज सारे,
तेरे दरबारो में,
तेरी भेंटे गाता रहूँ,
तेरे जगरातो में।bd।

आ जाए मेरा नाम,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

तेरे कलाकारों में,
तेरी भेटें गाता रहूं,
तेरे जगरातो में।bd।

गायक / लेखक – राजू पाडरी।
9797318379

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com